This question paper contains 4+2 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5224**

Unique Paper Code : **205155** **E**

Name of the Paper : **कथा एवं संस्मरण साहित्य**

Name of the Course : **B.A. (Programme) Hindi Discipline**

Semester : I

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. प्रेमचन्दोत्तर हिंदी उपन्यास **अथवा** कहानी की विकास-यात्रा पर प्रकाश डालिए । 9

2. हिंदी के प्रमुख संस्मरणकारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए । 9

**अथवा**

महादेवी वर्मा के संस्मरणों में मानव जीवन की उदात्तता के चित्र अंकित हुए हैं । समीक्षा कीजिए ।

3. किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9

(क) अब तक सजधज, ठाट-बाट और प्रतिष्ठा के एवरेस्ट पर पहुँचे हुए असाधारण जीवन के स्वप्न देखते थे । अब सोचने लगे, फूटे-टूटे मैले, बेहाल, हीन, अपरिचित, अज्ञात और साधारण रहकर ही जीवन की क्यों न पूरी तुष्टि प्राप्त कर ली जाय ? अब उन्होंने अपने मार्ग के किनारे खड़े 'पोष्टों' पर से 'उन्नति' मिटाया और 'उत्सर्ग'

P.T.O.

लिख लिया । अब शेक्सपीयर की नायिका की जगह किसी सकुचाई-सी गँवई-किशोरिका को घर में ले आकर प्रतिष्ठित करना ज्यादा प्रिय लगने लगा, जो अभी जीवन के साथ शिक्षा को और सभ्यता की बहुत-सी व्यर्थताएँ लपेटना न सीखी हो, जो सीधी-सादी, सच्ची, भोली, तिरस्कृता हो, जिसे इनकी आवश्यकता हो और जिसे सुखी बनाकर यह समझें 'हाँ', मैंने कुछ किया ।

**अथवा**

जैसे मन उसका अस्थिर है वैसे ही उसकी बात भी डगमगाती होती है । दो-टूक कहना नहीं जानता । इस चिट्ठी के बाद भी उसका मन डाँवाडोल है । सोचता है, बाबूजी क्या जवाब देते हैं । जैसे अपना निर्णय वह आप नहीं बनाना चाहता-चाहता है दूसरे उसके लिए निर्णय करके दे दें । मन-भाया निर्णय दूसरे से पाकर वह झट उसे मान लेगा । हमें बिहारी की बात ही ठीक जँचती है । वह दूसरों की ओट चाहता है, जिससे काम का सारा उत्तरदायित्व वह उन पर फेंक दे सके, और खुद अपने सामने अपराधी बनकर खड़े होने से बच जाय ।

('परख' से)

(ख) सचमुच झींगुरों की एकतार आवाज़ पूर्णिमा की उस नीरव रजनी को और भी गंभीर बना रही थी । यों रात डेढ़ पहर से ज्यादा नहीं बीती होगी, परंतु लगता ऐसा था कि निशीथ के क्षण आ पहुँचे । स्निग्ध-शीतल एवं धवल-पांडुर आलोक धरती को दिग्-दिगंत तक उद्भासित कर रहा था । नीचे पृथ्वी, ऊपर आकाश-दीप्त प्रकृति का उदार परिवेश वह क्या था, ग्रीष्मांत की रजनी का सौभाग्य-शृंगार था मानो ·······

**अथवा**

वह दिन-भर परेशान रहे कि कहीं से चालीस रुपये चाहे जैसे भी मिल जाएँ लेकिन कोई सूरत नहीं निकली । बेटा, वह रुपयों का जमाना तो था नहीं, जिन्सों और मालों का जमाना था । रुपये में तीन-तीन चार-चार मन तक धान मिलते थे; दो-दो ढाई-ढाई मन चावल । सार सेर, छः सेर घी आता था, डेढ़-दो मन गुड़ । कौड़ियाँ पैसों की जगह इस्तेमाल होती थीं । नोट का चलन बिल्कुल नहीं हुआ था ····· आज तो एक बीघा उपजाऊ जमीन ढाई-ढाई तीन-तीन हजार रुपये पर उठती है ! उन दिनों पच्चीस रुपये मिलते थे एक बीघा धनहर खेत के । आज तेरी बस्ती के पचासों आदमी बाहर रुपये कमा रहे हैं । यहाँ के किसान हर साल अनाज बेचकर हजारों की खड़ी रकम बनाते हैं ।

('बाबा बटेसरनाथ' से)

(ग) अपने घर के ऊपर वाले दालानों में चारों ओर सुनहरे-रुपहले पिंजड़ों में रंग-बिरंगे पक्षियों को देखती हुई माधवी मगन-मन डोल रही थी; इस-उस पक्षी को चहकाकर उनकी चहक सुनती थी । सहसा चकवे के बड़े पिंजरे के पास आई, उसके माथे पर बल पड़ गए, दर्पयुक्त स्वर में पुकारा, "नागरत्ना !"

**अथवा**

कुछ देर बाद ही कक्ष में छाया वेदनाजनित मौन भंग करती हुई चेलम्मा सहसा लड़-खड़ाकर उठी । उसका शरीर मदिरा के वश में था, सँभल न पाया । नागरत्ना ने सहारा दिया । माधवी ने भी और नागरत्ना ने भी यही सोचा था कि चेलम्मा किसी तात्कालिक देह-धर्म की आवश्यकतावश उठी है, परन्तु सँभलकर खड़े होते हुए झूमते स्वर में उसने कहा, "ब····ड़ा सुख पाया····य्या मैंने । अब जाती हूँ । अपनी रूठी अ····म्म····म्मा को सन्तोष दे जाकर ।"

('सुहाग के नूपुर' से)

4. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 15

(*i*) नागार्जुन के उपन्यास 'बाबा बटेसरनाथ' की शिल्पगत विशेषताओं का विवेचन कीजिए ।

**अथवा**

'बाबा बटेसरनाथ' के किसी एक प्रमुख पात्र का परिचय दीजिए ।

(*ii*) 'परख' उपन्यास के कथानक की समीक्षा कीजिए ।

**अथवा**

कट्टो की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

(*iii*) 'सुहाग के नूपुर' की पात्र पेरियनायकी की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

**अथवा**

'सुहाग के नूपुर' की मूल संवेदना पर विचार कीजिए ।

5. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8

इस उपदेश के बाद पिताजी ने आशीर्वाद दिया । वंशीधर आज्ञाकारी पुत्र थे । ये बातें हृदय से सुनी और तब घर से चल पड़े । इस विस्तृत संसार में उनके लिए धैर्य ही अपना मित्र, बुद्धि अपनी पथ-प्रदर्शक और आत्मालम्बन ही अपना सहायक था । लेकिन अच्छे शकुन से चले जाते थे, जाते-जाते नमक विभाग के दरोगा के पद पर प्रतिष्ठित हो गए । वेतन अच्छा और ऊपरी का तो ठिकाना ही न था । वृद्ध मुंशी जी को सुख-संवाद मिला तो फूले न समाए । महाजन लोग कुछ नरम पड़े ।

**अथवा**

इतवार को बुआ आई और पाजेब ले आई । मुन्नी उन्हें पहनकर खुशी के मारे यहाँ-से-वहाँ छुमकती फिरी । रुकमिन के पास गई और कहा–देश रुकमिन, मेरी पाजेब । शीला को भी अपनी पाजेब दिखाई । सब ने पाजेब पहनी देखकर उसे प्यार किया और तारीफ की । सचमुच वह चाँदी की सफेद दो-तीन लड़ियाँ-सी टखनों के चारों ओर लिपटकर, चुपचाप बिछी हुई, ऐसी सुघड़ लगती थीं कि बहुत ही सुघड़ लगती थीं, और बच्ची की खुशी का ठिकाना न था ।

6. यशपाल की 'परदा' कहानी के मूल कथ्य पर विचार कीजिए । 10

**अथवा**

'पुरस्कार' की मधूलिका का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

7. 'पथ के साथी' में वर्णित जयशंकर प्रसाद के जीवन और साहित्य का परिचय दीजिए । 15

**अथवा**

'निराला की साहित्य-साधना' के आधार पर निराला की काव्यगत विशेषताओं को रेखांकित कीजिए ।